सार-समाचार

राजकुमार को अध्यक्ष बनाने से खुशी

जोधपुर, (कासं)। ब्राह्मण समाज की राष्ट्रीय संस्था विप्र फाउंडेशन ने युवाओं को नई दिशा देने के लिए जोधपुर के समाजसेवी राजकुमार शर्मा को विप्र फाउंडेशन राजस्थान जोन का प्रदेश युवा कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संस्था के राष्ट्रीय संरक्षक हस्तीमल सारस्वत, प्रदेश प्रभारी नवीन जोशी और प्रदेश अध्यक्ष अशोक राजपुरोहित की अनुशंसा पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री कामना खंडेलवाल द्वारा की गई है। शर्मा उद्यमी होने के साथ वक्ता, कवि और समाज सेवक के रूप में पहचाने जाते हैं। उन्होंने शिक्षा, युवा उत्थान और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कई कार्यक्रमों का संचालन किया है। विप्र फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष कैलाश सारस्वत ने इस नियुक्ति को संगठन के विस्तार और युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। संस्था के पदाधिकारी मनीष आचार्य, इंद्रजीत त्रिपाठी, दिनेश कल्ला, कपिल बोहरा, आनंद शर्मा, रमेश गोस्वामी व अन्य ने शर्मा को बधाई दी और कहा कि उनका नेतृत्व युवाओं को एक नई ऊर्जा देगा। नवनियुक्त प्रदेश युवा अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने जिम्मेदारी को समाज सेवा का अवसर बताते हुए कहा कि वे युवाओं को संगठित कर शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सद्भाव के क्षेत्र में नए प्रयास करेंगे। उन्होंने संस्था के सभी पदाधिकारियों और समाज के लोगों का आभार जताया तथा सभी से सहयोग की अपील की।

पेंशन देने की मांग को लेकर धरना

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर के जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में पेंशनर्स पेंशन देने की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से उनकी मांगे नहीं मानी गई है। इसको लेकर शुक्रवार को पेंशनर्स ने अनूठा प्रदर्शन किया। उन्होंने बार- बार बताने के बाद भी नहीं मिलने पर कुलपति का प्रतीकात्मक पुतला बनाया। इसके बाद उनकी शवयात्रा निकाली गई। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पेंशनर्स शामिल हुए। पेंशनर्स ने बताया- पेंशन देने की मांग को लेकर 51 दिन से धरना दे रहे हैं लेकिन उन्हें पेंशन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। विश्वविद्यालय का प्रशासन उनकी मांग को नहीं मान रहा है, जबकि पेंशन के अभाव में उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि जोधपुर की प्रतिष्ठित जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी जहां से देश की राजनीति से लेकर कला साहित्य सहित विभिन्न विधाओं के दिग्गजों ने पढ़ाई की, लेकिन वर्तमान में यह विश्वविद्यालय आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। विश्वविद्यालय में पूर्व में कार्यरत रहे कर्मचारियों को पेंशन भी नहीं दे पा रहा है। इसके चलते उसे हर बार राज्य सरकार से मिलने वाले पैसों का इंतजार रहता है।

अंगदान जागरूकता संगोष्ठी आयोजित

जोधपुर, (कासं)। मथुरादास माथुर अस्पताल के ट्रोमा आइसीयू में अंगदान जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के अधीक्षक एवं ट्रोमा आइसीयू इंचार्ज डॉक्टर विकास राजपुरोहित ने अंगदान की महत्वता एवं अंगदान से जुड़े हुए मिथकों पर प्रकाश डाला। डॉ विकास राजपुरोहित ने बताया कि अभी किडनी तथा लिवर अंगदान की आवश्यकता और उपलब्धता में भारी असंतुलन है, इसके अलावा हार्ट और लंग ट्रांसप्लांट तो सिर्फ ब्रेन डेड व्यक्ति के दान किए अंगों से ही संभव है। उन्होंने कहा अभी जोधपुर संभाग अंगदान के क्षेत्र में बहुत पिछड़ा हुआ है। किडनी रोग विभागाध्यक्ष डॉक्टर सुरेंद्रसिंह राठौड़ ने अंगदान से जुड़ी प्रक्रिया एवं अंगदान के बारे में बताया।यूरोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर गॉर्डन चौधरी ने अंगदान से जुड़ी हुई क़ानूनी प्रक्रियाओं एवं मिथकों के बारे में जनता को जागरूक करने की आवश्यकता के बारे में बताया एवं अंगदान कमी के बारे में बात उजागर किया।अंत में कार्यक्रम का समापन एवम धन्यवाद संबोधन नेफ्रोलॉजी विभाग के डॉक्टर जगदीश चौधरी द्वारा किया गया।

वकील पर हमले के तीन आरोपी पकड़े

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर के वेस्ट जिले की पुलिस ने एक वकील पर जानलेवा हमले की घटना का खुलासा करते हुए मामले में शामिल 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि 3 नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। आरोपियों को रोहट थाना अधिकारी पाना चौधरी के सहयोग से पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की है। पूछताछ में सामने आया कि आपसी पारिवारिक विवाद के चलते आरोपियों ने हमला किया था। बता दे की एक जुलाई को रात 8 से 9 बजे के बीच वकील मधुसूदन मेघवाल अपने घर आ रहे थे। तभी 8 से 10 बदमाशों ने उन पर धारदार हथियार तलवार, लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इतना ही नहीं उनके घर में महिलाओं का गला पकड़ कर मारपीट कर सोने की चेन और मंगलसूत्र तोड़ दिया। इस पर मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। मामले को लेकर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिसमें अविनाश सरगरा (27) निवासी पांचवी रोड सरगरा कॉलोनी, अमन (18) निवासी जवाहर कालोनी व सुनील भाट (21) निवासी लाला लाजपत राय कॉलोनी पांचवीं रोड को गिरफ्तार किया।

उप स्वास्थ्य केन्द्र पर ताले से परेशानी

धोरीमन्ना, (कासं)। धौरीमन्ना पंचायत समिति के ग्राम पंचायत कोठाला का नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र पर ताला लगा होने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने बताया कि कोठाला का उप स्वास्थ्य केन्द्र बंद होने से लोगों को 15 किमी दूर धोरीमन्ना जाना पडता है। लोगों ने कहा कि अगर कोठाला का उप स्वास्थ्य केन्द्र शुरू हो जाने से आसपास के ग्रामीण लोगों को स्वास्थ्य का लाभ मिलेगा व धोरीमन्ना तक चक्कर नही लगाना पडेगा। लोगों को नार्मल बिमारी के ईलाज के लिए धोरीमन्ना जाना पडता है। यहां के लोगों का कहना है कि सरकार केवल घोषणा तक ही सीमित है, लेकिन कोठाला मे उप स्वास्थ्य केन्द्र बना तो मुझे बहुत खुशी हुई। अब है जो एक साल बीत जाने के बावजूद भी ताले जडें हुए हैं। अगर राज्य सरकार उप स्वास्थ्य केन्द्र के ताले खोल कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ दे तो बहुत ही फायदेमंद होगा। कोठाला ग्राम पंचायत के लोगों कि उप स्वास्थ्य केन्द्र सुचारू रूप से चालू करवाने की मांग की।

अरणाय में लोगों ने रास्ता रोका

सांचौर, (कासं)। सांचौर तहसील के अरणाय गांव में शुक्रवार को विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने मिलकर मुख्य सडक पर प्रदर्शन करते हुए रास्ता जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि प्रशासन जल्द से जल्द जल निकासी की उचित व्यवस्था करे। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के मौसम में सडक पर पानी भर जाता है, जिससे आमजन और विशेष रूप से स्कूल जाने वाले बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विद्यार्थियों ने बताया कि स्कूल पहुंचना मुश्किल हो गया है क्योंकि घुटनों तक भरे पानी और कीचड से रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो जाता है। कई बार तो स्कूल जाना ही छोडना पड़ता है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से तुरंत सड़क की ऊंचाई बढाने और नाली निर्माण की मांग की है, जिससे भविष्य में जलभराव की समस्या से राहत मिल सके। प्रशासन से उम्मीद की जा रही है कि वह इस मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करेगा।

बाइक व इलेक्ट्रिक साइकिल चोरी

जोधपुर, (कासं)। कमिश्नरेट में वाहन चोरों ने अलग अलग स्थानों से बाइक के साथ इलेक्ट्रिक साइकिल को चुराया। इस बारे में संबंधित थानों में केस दर्ज कराए गए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरदारपुरा पुलिस ने बताया कि बैंक कॉलोनी राइकाबाग निवासी अविनाश त्रिवेदी पुत्र अम्बा शंकर त्रिवेदी ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह 3 जुलाई को ओलिम्पक टावर के पास आया था। जहां से अज्ञात शख्स उसकी बाइक को चुरा ले गया। दूसरी तरफ शास्त्री नगर थाने में दी रिपोर्ट में मोहन नगर बीजेएस कॉलोनी निवासी मधुराज सिंह पुत्र प्रहलाद सिंह राठौड़ ने पुलिस को बताया कि वह एमडीएम अस्पताल आया था, जहां से उसकी बाइक चोरी हो गई। इसी प्रकार आईआईटी सर्किल शास्त्रीनगर निवासी सौरभ सिंह पुत्र भंवर सिंह ने रातानाडा थाने में रिपोर्ट दी कि वह गत 9 जून को अपनी इलेक्ट्रीक साइकल लेकर आया था। अज्ञात शख्स उसकी इलेक्ट्रिक साइकिल को चुरा ले गया।

मारपीट के केस दर्ज, गाड़ी में तोडफ़ोड़

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर शहर के कुड़ी भगतासनी थाने में करवड़ के नेतड़ा हाल हाल सरकारी स्कूल 6 सेक्टर के पास रहने वाले बागाराम पुत्र श्यामलाल भाट ने पुलिस को बताया कि 3 जुलाई को वह झालामंड चौराहा आया हुआ था। जहां पर सीताराम और उसके साथियों ने रास्ता रोका और मारपीट की। वहीं मथानिया थाने में दी रिपोर्ट में शिवनगर घेवड़ा ओसियां निवासी किशनाराम पुत्र मोतीराम ने पुलिस को बताया कि बिजारी बावड़ी के पास रात के समय में ओमाराम भांबू और उसके साथियों ने उसे कार में जाते हुए रोका। उसके साथ मारपीट करते हुए गाड़ी में तोडफ़ोड़ की।

जोधपुर डिस्कॉम के एम.डी. ने राजस्व वसूली की समीक्षा की

बाड़मेर, (नि.सं.)। जोधपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक डॉ. बी.एल.डेलू की अध्यक्षता में शुक्रवार को बाड़मेर जिला मुख्यालय पर जन सुनवाई, विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रबंध निदेशक डेलू ने राजस्व प्राप्ति के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान प्रबंध निदेशक डॉ. बी.एल. डेलू ने विभागीय अधिकारियों के राजस्व वसूली प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि बकाया राशि वसूली के कार्य में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिक विद्युत छीजत वाले उपखंड अधिकारियों को इसकी सघन मोनेटरिंग करते हुए छीजत को नियंत्रित करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान प्रबंध निदेशक घरेलू कनेक्शन जारी करने, खराब मीटर बदलने, आरडीएसएस कार्य, कृषि कनेक्शन, पीएचईडी के पेयजल स्त्रोतों के कनेक्शन, स्मार्ट मीटर, पीएम सूर्य घर योजना, सतर्कता जांच, जले हुए ट्रांसफॉर्मर बदलने के कार्यों की प्रगति की समीक्षा के साथ ही प्रसारण निगम के विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान जिला कलक्टर टीना डाबी, प्रशिक्षु आईएएस छायासिंह समेत विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान बाड़मेर जोन के मुख्य अभियंता एन.के. जोशी ने पीपीटी के माध्यम से योजनाओं की प्रगति के बारे में अवगत कराया।

जोधपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक डॉ. बी.एल.डेलू की अध्यक्षता में बाड़मेर जिला मुख्यालय पर जन सुनवाई, विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

कुसुम के प्रोजेक्ट पूर्ण कराने में सहयोग करवाएं

प्रबंध निदेशक डॉ. बी.एल. डेलू ने कहा कि कुसुम ए एवं सी के तहत लग रहे विभिन्न सौलर प्लांट से निर्बाध विद्युत आपूर्ति के साथ सरकार तथा आमजन को सस्ती बिजली मिल पाएंगी। उन्होंने कहा कि बाड़मेर जिले में कुसुम योजना के तहत लग रहे प्लांट के कार्यों में किसी प्रकार दिक्कत होने पर उनका सहयोग करते हुए उनकी समस्या दूर करवाएं, ताकि कार्य शीघ्र पूर्ण हो सके।

संपर्क पोर्टल की शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करे

जिला कलेक्टर टीना डाबी ने संपर्क पोर्टल की शिकायतों का त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण के लिए जरूरी हैं। साथ ही परिवादी से बात करके उनकी समस्या पर विभागीय कार्यवाही कर उन्हे यथासंभव संतुष्ट करें, ताकि असंतुष्ट परिवादों की संख्या कम हो।

जन सुनवाई में 60 परिवादियों की सुनवाई हुई

समीक्षा बैठक से पूर्व प्रबंध निदेशक डॉ. डेलू ने जन सुनवाई के दौरान आमजन की परिवेदनाएं सुनी। इस दौरान घरेलू कनेक्शन, कृषि कनेक्शन, वोल्टेज की समस्या के समाधान के लिए ट्रांसफॉर्मर लगाने, बिल संशोधन करने सहित 60 परिवाद प्राप्त हुए। जन सुनवाई में बालोतरा एवं जैसलमेर जिले के भी कुछ परिवादी जन सुनवाई में शामिल हुए। जन सुनवाई के दौरान चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल, समाजसेवी अनंतराम विश्नोई सहित जन प्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जन सुनवाई के बाद चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल एवं समाजसेवी अनंतराम विश्नोई ने बकाया घरेलू कनेक्शन जारी करने, लंबित कृषि कनेक्शनों शीघ्र जारी करने, जले हुए ट्रांसफॉर्मर को समय पर बदलने, प्रसारण एवं वितरण निगम के विभिन्न जीएसएस के कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने की मांगों के संबंध में प्रबंध निदेशक को अवगत कराया।

बैठक में अधीक्षण अभियंता बाड़मेर अशोक कुमार मीना, प्रावैधिक सहायक जोधपुर प्रकाश जैन, प्रसारण निगम बाड़मेर के अधीक्षण अभियंता उदयसिंह मीना, अधीक्षण अभियंता पीपीएम जोधपुर ए.के. रमणानी, मुख्य प्रशिक्षण अधिकारी जोधपुर के.एल. रेगर सहित बाड़मेर वृत के अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंता एवं सहायक राजस्व अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

आसाराम के आश्रम वालों ने योजना पोस्ट की

जोधपुर, (कासं)। तीन महीने की अंतरिम जमानत पर इलाज कराने के लिए जेल से बाहर आए दुष्कर्म के आरोपी आसाराम बापू ने आर्थिक तंगी से जूझ रहे अपने भक्तों के लिए अक्षय धन मुद्रा योजना की शुरुआत की है। गुरुवार शाम आसाराम बापू के आश्रम वालों ने भक्तों के वॉट्सऐप ग्रुप में एक पोस्ट शेयर करते हुए यह जानकारी साझा की है। इस पोस्ट में दाहिनी तरफ आसाराम बापू की कुछ साल पुरानी तस्वीर लगी है जबकि बाईं तरफ 200-200 रुपये के नोटों की 2 गड्डियां दर्शाई गई हैं।

पोस्टर में लिखा है कि आसाराम बापू द्वारा स्पर्श व संकल्पित धन मुद्रा, आर्थिक तंगी से जूझ रहे लोगों के लिए रामबाण उपाय है। ऋषि प्रसाद के 100 सदस्य अथवा ऋषि दर्शन के 50 सदस्य बनने वाले भक्तों को 200 की धन मुद्रा प्रसाद के रूप में प्रदान की जाएगी। इससे आपकी हर चिंता दूर हो जाएगी, सभी मनोकामना पूरी हो जाएगी। ऋषि प्रसाद के संबंध में जब आसाराम बापू के आश्रम वालों से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए पहले मेंबरशिप लेनी पड़ेगी।

एक साल की मेंबरशिप फीस 75 रुपए और दो साल की फीस 140 रुपए है। मेंबर बनने के बाद आपके पास हर महीने लाइजिन आएगी। यह योजना सिर्फ साधकों और दीक्षा ले चुके भक्तों के लिए ही है।

बताते चलें कि इस वक्त आसाराम बापू दिल्ली में है और कुछ दिन बाद वहां से वो अहमदाबाद जाने वाला है। गुरुवार शाम ही आसाराम बापू को गुजरात हाई कोर्ट से एक महीने का आखिरी बेल एक्सटेंशन मिला है। राजस्थान हाईकोर्ट ने भी 9 जुलाई तक आसाराम को सरेंडर करने से छूट दी हुई है। उम्मीद की जा रही है कि जोधपुर हाईकोर्ट से भी उसे जमानत अवधि बढ़ाए जाने की राहत मिल सकती है। अदालत में पेश मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक, यौन उत्पीडऩ के दो अलग-अलग मामलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम बापू को प्रोस्टेट संबंधी समस्या है और उसके दिल की दो धमनियों में 90 फीसदी ब्लॉकेज है। फिलहाल आसाराम का आयुर्वेदिक और प्राकृतिक मेडिकल ट्रीटमेंट चल रहा है।

कोई भी व्यक्ति कानून से बड़ा नहीं : पटेल

जोधपुर, (कासं)। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि राजस्थान में कानून का राज है। कोई भी व्यक्ति कानून से बड़ा नहीं है। कानून सबको मानना पड़ेगा। यह बात उन्होंने शुक्रवार को सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने नागौर सांसद व रालोपा प्रमुख हनुमान बेनीवाल पर भजनलाल सरकार को कोसने पर पलटवार किया।

उन्होंने कहा कि अगर किसी का लाखों का बिजली बिल बकाया है और नहीं देंगे तो कनेक्शन कटेगा ही। बिल जमा नहीं होगा तो डिस्कॉम कैसे चलेगा? उनसे जब बेनीवाल के बारे में पूछा गया तो बोले कि जनप्रतिनिधि को नियमों की पालना करनी चाहिए, यदि विधायक नहीं हैं और विधायक आवास दबाकर बैठे हैं तो यह कानून के विपरीत है। राजस्थान में कानून के विपरीत कोई भी काम नहीं चलेगा।

बता दे कि लाखों का बकाया होने पर बिजली कनेक्शन काटने व सरकारी आवास खाली करने के नोटिस पर बेनीवाल ने सरकार व अधिकारियों को आड़े हाथ लिया था। हनुमान बेनीवाल ने इसे सरकार की ओछी मानसिकता बताया था। बेनीवाल ने कहा था कि सरकारी विभागों के भी बकाया हैं, लेकिन उनके कनेक्शन नहीं काटे गए।

विधि मंत्री पटेल ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर गांवों के लोगों के लिए बड़ी राहत लाए हैं। सोलह विभागों की सुविधाएं मौके पर ही मिल रही है। इससे गांव के मसले सुलझ रहे हैं। इसका सीधा फायदा हर गरीब हो रहा है, जो विभागों में नहीं जा पा रहे थे।

जोगाराम पटेल ने कहा कि प्रदेश में अब तक का यह सर्वाधिक सफल अभियान है, जिससे ग्रामीणों को राहत मिल रही है। जल्दी ही ऐसा अभियान शहरों में शुरू होगा।

सी.डी.ई.ओ. कार्यालय में वीसी कक्ष का शुभारंभ

जालोर में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी के वी.सी. कक्ष का शुभारम्भ मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने शुक्रवार को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में स्थापित वीडियो कॉफ्रेंस (वीसी) कक्ष का विधिवत् फीता काटकर शुभारंभ किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुभारंभ समारोह में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि वीसी कक्ष से शिक्षा विभाग के अधिकारियों की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। साथ ही योजनाओं की मॉनिटरिंग में सहायता मिलेगी।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में शिक्षा में आधुनिक तकनीक का समावेश अतिआवश्यक है, बच्चों के शिक्षण कार्य में शिक्षक भी समय के अनुरूप चलते हुए उन्हें शिक्षण कार्य करवाएं। शिक्षक आधुनिक तकनीक का उपयोग कर नई पीढ़ी के अनुरूप अपडेट रहते हुए शिक्षा को सरल बनावें।

उन्होंने कहा कि जिले में शिक्षा के क्षेत्र में भामाशाहों का योगदान सदैव अग्रणी रहा है। इसलिए भामाशाहों से सम्पर्क कर इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने के साथ विकास में सहयोग लिया जावें।

इस अवसर मुख्य जिला शिक्षाधिकारी गंगा कलावंत, जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक भंवरलाल परमार, जिला शिक्षाधिकारी प्रारंभिक मुनेश मीणा, डाइट प्रधानाचार्य भेराराम सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

कामरेड मोहन पुनमिया की पुण्यतिथि मनाई

पाली, (नि.सं.)। अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र कि राज्य शाखा राजस्थान ट्रेड यूनियन केंद्र (आर. सीटू) की ओर से मजदूर आंदोलन के जन्मदाता कामरेड मोहन पुनमिया की 28वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

राजस्थान सीटू के प्रदेश उपाध्यक्ष कामरेड गंगा सिंह मेड़तिया ने बताया कि कामरेड मोहन पुनमिया की 28 वी पुण्यतिथि पर आज दिनांक 4 जुलाई 2025 को स्थानीय मिल गेट कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कामरेड मेड़तिया ने कहां की केंद्र सरकार की श्रम विरोधी एवं जन विरोधी नीतियों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए बताया कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के चलते देश में बेरोजगारी महंगाई बढ़ रही है। देश में अराजकता का माहौल है। श्रद्धांजलि सभा को कामरेड अशोक सिंह, आसाराम बंजारा, शैलेंद्र सिंह, रुपाराम ने संबोधित किया।

पैदल संघ आज रवाना होगा

पाली, (नि.सं.)। श्री गाजण माता पैदल यात्रा संघ इस बार सिल्वर जुबली मनाने जा रहा है। पाली में पैदल संघ के 25 वें वर्ष में प्रवेश होने पर कई धार्मिक कार्यक्रम होंगे।

इस बार 5 जुलाई को श्री गाजण माता पैदल यात्रा संघ के बैनर तले पैदल संघ पाली के बजरंग बाग से रवाना होगा।

विश्व सहकारिता दिवस पर विचार गोष्ठी आयोजित

जोधपुर, (फा.सं.)। केन्दीय संचार ब्यूरो, जोधपुर द्वारा ग्राम सेवा सहकारी समिति लि. और चौधरी बुद्धाराम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पोपावास के सहयोग से विद्यालय परिसर के सभाकक्ष में "विश्व सहकारिता दिवस" पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य मदनलाल मेघवाल ने बताया कि सहकारी समितियां में नागरिक अपने समुदाय और राष्ट्र की आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उन्नित में योगदान करते हुए अपने जीवन को प्रभावी ढ़ग से अच्छा बना सकने की बात कही।

इसी अवसर पर विद्यालय की व्याख्यता अनुप चौधरी ने बताया की सहकारी समितियाँ बाहरी समानता को भी बढ़ावा देती है। चूंकि वे समुदाय पर आधारित हैं, इसलिए वे अपने समुदायों के सतत् विकास के लिए प्रतिबंद्ध है।

इसी क्रम में ग्राम सेवा सहकारी समिति के व्यवस्थापक मोहनराम चौधरी ने बताया कि धरातल पर सहकारी समितियों से ग्रामीणजन एवं ग्रामीण समुदाय के लोगों को काफी फायदा होता है। तथा सहकारी समितियिं की गतिविधियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम का संचालन केन्द्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर के के. आर. सोनी ने विश्व सहकारिता दिवस की पूर्व संध्या पर आमजन को प्रभावी व महत्तवपूर्ण जानकारी प्रदान की तथा विभाग द्वारा इसी अवसर पर एक फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया साथ ही इंडिया टू डे प्रचार सामठी भी वितरित की गयी।

इस अवसर पर केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजना- स्वच्छ भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं पर संक्षिप्त जानकारी प्रदान की साथ ही सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो, जोधपुर द्वारा मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गयी तथा जिसमें सफल प्रतिभागियों को विभाग की ओर से पुरूस्कृत कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी आगुन्तको का विभाग की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

वयोवृद्ध संत अभय मुनि का चातुर्मासिक प्रवेश

जोधपुर, (कासं)। नानक संप्रदाय के आचार्य प्रवर हगामी लाल महाराज के पट्टधर शिष्य आचार्य अभय मुनि, सेवाभावी भूपेन्द्र मुनि, सरलमना ऋषि मुनि का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश शुक्रवार को जयकारों के साथ आचार्य श्री जयमल स्मृति भवन पहली पोल महामंदिर में हुआ।

श्री नवकार नवयुवक मंडल के संयोजक प्रवीण बोहरा एवं मीडिया प्रभारी जितेन्द्र नाहर ने बताया कि 95 वर्षीय आचार्य अभय मुनि के मंगल प्रवेश पर पुरुषों ने श्वेत वस्त्र एवं महिलाओं ने चूंदड़ी साड़ी में मंगल गीत के साथ जुलूस में अपनी सहभागिता निभाई। चार्तुमास में प्रतिदिन प्रार्थना, प्रवचन, ज्ञानचर्चा, प्रतिक्रमण, धर्मचर्चा इत्यादि धार्मिक कार्यक्रम होंगे। चातुर्मास को श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ महामंदिर के अध्यक्ष शांतिलाल बोहरा, महामंत्री शांतिलाल लुंकड़, कोषाध्यक्ष कुशलराज डोसी, मालरक्षक गौतमचंद बोहरा, श्री नवकार नवयुवक मंडल के संयोजक प्रवीण बोहरा, अध्यक्ष अजय मेहता, मंत्री मुकेश लुंकड़, एवं श्री केशर जैन महिला मंडल की अध्यक्ष सरला बोहरा, मंत्री पुष्पा भंडारी, कोषाध्यक्ष प्रभा सुराणा इत्यादि पदाधिकारी रूप रेखा तैयार कर रहे है।

सरिताकुमारी को जिला स्तरीय बुनकर पुरस्कार

जैसलमेर में कलैक्टर प्रतापसिंह एव राजूराम ने बुनकरों के उत्पादों का अवलोकन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जैसलमेर, (नि.सं.)। कुशल बुनकरोंके द्वारा उत्पादित उत्कृष्ट उत्पादों को पहचान व सम्मान दिलाने के लिए जिला स्तर पर बुनकर पुरस्कार के लिए जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र द्वारा जिला स्तरीय हथकरघा/बुनकर पुरस्कार के लिए चयन समिति के अध्यक्ष जिला कलैक्टर प्रतापसिंह एवं समिति के सदस्य राजुराम मंत्री जैसलमेर जिला खादी ग्रामोदय परिषद द्वारा बुनकरों के उत्पादों का अवलोकन कर उत्कृष्ट उत्पादों का चयन किया गया। सरिता कुमारी को प्रथम स्थान, गोरधनराम को द्वितीय ,तिलोकाराम को तृतीय स्थान तथा दीपाराम को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए। बैठक में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक सन्तोष कुमारी ने बताया कि पुरस्कार के तहत प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान वालों को क्रमश: 51सौ, 31सौ, 21सौ तथा सांत्वना पुरस्कार स्वरूप 11सौ रूपये की राशि दिये जाने का प्रावधान किया गया है तथा जिला स्तर पर प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त बुनकरों के उत्पादों को राज्य स्तरीय पुरस्कार चयन हेतु आयुक्तालय उद्योग एवं वाणिज्य, जयपुर को भिजवाया जाएगा।

8 जुलाई को पेंशन अदालत

जोधपुर, (नि.सं.)। फ्रंटियर मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल, जोधपुर द्वारा सीसुबल के पेंशनभोगियों की समस्याओं के समाधान के लिए 8 जुलाई को राष्ट्र-व्यापी पेंशन अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

यह पेंशन अदालत फ्रंटियर मुख्यालय, जोधपुर में आयोजित की जाएगी, जिसमें राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और जम्मू राज्य के सीमा सुरक्षा बल पेंशनभोगियों, पारिवारिक पेंशन भोगियों की पेंशन से संबंधी शिकायतों व समस्याओं का निवारण किया जायेगा। यदि किसी पेंशन एवं पारिवारिक पेंशनभोगियों को पेंशन से संबंधित कोई समस्या है, तो वह इस पेंशन अदालत में स्वयं उपस्थित होकर, निकटतम सीमा सुरक्षा बल की बटालियन /मुख्यालय में पहुँच कर या पेंशनभोगी अपने स्तर पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उपस्थित होकर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। इस पेंशन अदालत में पेंशनभोगी व्यक्तिगत रूप से शामिल होते हैं तो वह शिकायत / समस्या के निपटान में ज्यादा उपयोगी होगा।

आम सूचना

श्रीमती फुलवन्ती माली पत्नि मोहनलाल माली, निवासी -कालन्द्री जिला सिरोही का कब्जासुदा, मालिकाना हक का भुखण्ड ग्राम कालन्द्री की आबादी भूमि नया खेडा में कुल क्षेत्रफल 3034 वर्गफीट का आया हुआ है। जिसका पट्टा संख्या 43 दिनांक 25.07.1967 को छोगाराम पुत्र लकमाजी माली के पक्ष में ग्राम पंचायत कालन्द्री द्वारा जारी किया गया एवं दिनांक 23.03.2008 को छोगाराम का एवं दिनांक 14.09.2024 को चुन्नीबाई का देहान्त हो गया जिनके वारिसदार मोहनलाल, राजू, गोपाल, कमला व लीला हैं एवं कमला व लीला ने अपना हक मोहनलाल राजू माली और गोपाल माली के पक्ष में जरिये हकर्तकनामा संख्या 20190338100997 दिनांक 02.09.2019 को उप पंजीयक कार्यालय कालन्द्री में निष्पादित किया एवं दिनांक 03.09.2019 को मोहनलाल, गोपाल माली, राजू माली, के बीच में बंटवाडानामा उप पंजीष्क कार्यालय कालन्द्री में निष्पादित कर क्रम संख्या 219030328101002 पर दिनांक 03.09.2019 को पंजीबद्ध किया गया । जिसमें मोहनलाल के पक्ष में 1025 वर्गफीट का हिस्सा आया हुआ । जिसका बख्शीशनामा पत्नि फुलवन्ती के पक्ष में दिनांक 19.05.2025 को मोहनलाल माली द्वारा निष्पादित कर बख्शीशनामें का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय कालन्द्री में दिनांक 19.05.2025 को पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 96 पृष्ठ संख्या 76 क्रम संख्या 202503328101101 पर पंजीबद्ध किया गया । फुलवन्ती माली द्वारा पट्टा संख्या 43 एवं हकतर्कनामा संख्या 20190338100997 कहीं गुम हो गया है । जिसकी गुमसूदगी राजस्थान पुलिस में दिनांक 07.04.2025 क्रम संख्या 2818635/2025 पर दर्ज करवाई गई । उपरोक्त सम्पति पर फुलवन्ती माली द्वारा इंडिया शेल्टर फाइनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड शाखा सिरोही द्वारा ऋण लिया जाना प्रस्तावित है । इसलिये उक्त आम सुचना के जरिये सुचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को उक्त खोए गए दस्तावेज मिले हो तो अध्योहस्ताक्षारकर्ता को सम्पर्क कर लौटाने का श्रम करावें तथा यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो तीन दिन के भीतर अध्योहस्तक्षरकर्ता को दर्ज करावें । ब